Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 23271 M-7 /175 दिनांक : 15-10-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 12.10.2026 में प्रकाशित शीर्षक "पानी की टंकी से इन्वर्टर और दो बैटरी चोरी" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण दिनांक 12.10.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"पानी की टंकी से इन्वर्टर और दो बैटरी चोरी"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–असोथर अन्तर्गत परसेठा पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम अन्तर्गत मे0 पावरमेक–भूरथनम (जे0वी0) द्वारा कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में योजना पर दिनांक 10.10.2026 को इन्वर्टर और 02 बैटरी चोरी हो गई है। चोरी की प्रथम सूचना दिनांक 10.10.2026 को सम्बन्धित थाने में दर्ज करा दी गई है। उचित कार्यवाही हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

सेवा में

श्रीमान प्रभारी निरीक्षक
थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर

महोदय

निवेदन है कि प्रार्थी दीनदयाल पुत्र रोहित निवासी निचावापुर मजरे परसेढा थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर का निवासी है। प्रार्थी जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित पानी टंकी निचावापुर का संचालक है। आज दिनांक 10|10|26 को रात 1:00 बजे पानी टंकी परिसर से एक इन्वर्टर व दो बैटरी चोरो द्वारा चोरी कर लिया उस समय प्रार्थी अपने पड़ोसी ललित के इलाज हेतु पानी टंकी में ताला लगाकर खजरसेनपुर चला गया वापस लौटकर जब 4 बजे सुबह आया तो कैम्पस का दरवाजा खुला हुआ पाया गया प्रार्थी घटना की सूचना देने आया चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। मौके पर सत्तार पुत्र सूरिजपाल निवासी ग्राम निचावापुर पाया गया अतः श्रीमान जी से प्रार्थना है कि सख्त कानुनी कार्यवाही करने की मुकदमा दर्ज करके कृपा करें।

दिनांक 10.10.26

प्रार्थी
दीनदयाल पुत्र रोहित
निवासी निचावापुर
थाना - गाजीपुर
जिला - फतेहपुर
मो० 9559846799

पानी टंकी से इन्वर्टर और दो बैटरी चोरी

फतेहपुर। गाजीपुर थाने के निधवापुर मजरे परसेठा गांव से पानी टंकी का इन्वर्टर और दो बैटरी चोरी हो गई। गांव निवासी दीन दयाल ने बताया कि वह जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी टंकी निधवापुर का संचालक हैं। पानी टंकी परिसर के अंदर शुक्रवार रात इन्वर्टर और दो बैटरी चोर चोरी कर ले गए। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि प्राथमिकी शनिवार को दर्ज की गई है। (संवाद)